Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to double the railway line passing through Pahleja bridge in Bihar -laid.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली पहलेजा रेल पुल में जो सुविधा होनी चाहिए वो समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है जिस कारण पर्याप्त संख्या में लोकल ट्रेनों एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन नहीं हो पा रहा है और इससे आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त मात्रा में लोकल ट्रेनों और एक्सप्रेस ट्रेनों का उक्त रेल लाइन पर परिचालन नहीं हो पाने का एक बड़ा कारण सिंगल रेल लाइन का होना है।

मैं माननीय रेल मंत्री से मांग करना चाहूँगा कि उक्त पहलेजा रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाए एवं पर्याप्त मात्रा में लोकल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आम यात्रियों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।